अजीम प्रेमजी परोपकारी पहल की वित्तीय सहायता

प्रदान के तत्वावधान में पांच कोरोना जागरूकता रथ रवाना

जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते बीडीओ व अन्य

जागरूकता रथ

बसिया(गुमला) : स्वयंसेवी संस्था प्रदान द्वारा शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्यालय से पूरे प्रखंड के गांव,टोला एवं मुहल्लों में नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रति जागरूकता लाने हेतु पांच कोरोना जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया । इस जागरूक रथ को बसिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रवीन्द्र कुमार गुप्ता,अंचलअधिकारी संतोष बैठा एवं प्रदान संस्था के मो. मेराज के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया ।

जागरूकता रथ प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में लोगों को कोरोना के प्रति ध्वनि यंत्र से जागरूक करेंगे। ज्ञात हो कि प्रदान संस्था कोरोना वायरस एवं गरीब,जरूरत मंद, वंचित कोई भूखा ना सोए इसके लिए पूर्णतया सजग है तथा इस मुहिम पर प्रखंड प्रशासन को भी अपना भरपूर सहयोग कर रही है। इस संबंध में प्रदान संस्था के मो. मेराज ने बताया कि प्रदान संस्था के तत्वावधान में अजीम प्रेमजी परोपकारी पहल की वित्तीय सहायता से जागरूकता रथ के साथ साथ लॉकडाउन तक सभी मुखिया को एक एक ऑटो की व्यवस्था की जायगी । ताकि बाहर से आए लोगों को अस्पताल,कोरेन्टाइन सेंटर भेजा जा सके । राशन गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके । वहीं लॉकडाउन के दौरान किसी भी जरूरत पर मुखिया प्रखंड कार्यालय तक आ सके । प्रदान संस्था द्वारा 1200 खाने का किट गरीब वंचित परिवार को आबंटित करेगी । 200 कार्यकर्ता को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी ।

संस्था द्वारा सभी कोरेन्टाइन सेंटर में खाने की व्यवस्था की जायगी।पांच हजार मास्क का भी वितरण किया जाएगा एवं एएनएम, मुखिया,प्रदान एवं प्रखंड प्रशासन के लिए सौ सुरक्षा किट विध ठ95 मास्क इत्यादि दे कर जल्द ही संस्था द्वारा प्रशासन का सहयोग किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता से बताया कि प्रदान संस्था द्वारा प्रशासन का काफी सहयोग किया जा रहा हैं। हमारे पास संसाधन की कमी थी। प्रदान के माध्यम से जागरूकता रथ दिए जाने से राशन वितरण से ले कर अन्य कार्यों में भी सहयोग मिलेगा। प्रदान एवं महिला विकास मंडल के माध्यम से महिला मंडल से जुड़ी दीदियों का भी सहयोग मिलेगा।

इस मौके पर बीपीएम बिपिन सिंह, प्रदान संस्था के मेराज, खुदीराम,मनीष , अटल, महिला विकास मंडल से बिनोद , महादेव , नवीन, शशि आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।